पत्रांक/809/जि०वि०से०प्रा०, बदायूँ/2022 दिनांक 09.09.2022

**कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ**

उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र सं0–2965/एसएलएसए–99/2019 दिनांकित 10 दिसम्बर, 2019 एवं पत्र सं0–3119/एसएलएसए–99/2019 (पी0एस0/हैदर) दिनांकित 23 अगस्त, 2022 में दिये गये निर्देश के अनुक्रम में लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम में चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम, डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम, एवं सहायक लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम, के पद पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य व्यक्तियों से आवेदन पत्र दिनांक 05.09.2022 तक आमन्त्रित किये गये थे उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र सं0–3309/एसएलएसए–99/2019(ऋ/हैदर) दिनांकित 07.09.2022 के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उपरोक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि को बढाकर 15.09.2022 कर दिया गया है।

| | |
|---|---|
| 1– चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम, | पदो की स0–01 निर्धारित मानदेय 60000/–से 70000/–प्रतिमाह<br>सेवा की अवधि–अधिकतम 02 वर्ष<br>शैक्षिक योग्यता– विधि स्नातक, उ0 प्र0 राज्य काउन्सिल द्वारा रजिस्टर्ड अन्य अर्हतायें व अनुभव हेतु निम्नलिखित संलग्न प्रपत्र देखें। |
| 2– डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम, | पदो की सं0–01 निर्धारित मानदेय 30000/–से 50000/–प्रतिमाह<br>सेवा की अवधि–अधिकतम 02 वर्ष<br>शैक्षिक योग्यता– विधि स्नातक, उ0 प्र0 राज्य काउन्सिल द्वारा रजिस्टर्ड अन्य अर्हतायें व अनुभव हेतु निम्नलिखित सलग्न प्रपत्र देखे। |
| 3– सहायक लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम, | पदों की सं0–02 निर्धारित मानदेय 20000/–से 30000/–प्रतिमाह<br>सेवा की अवधि–अधिकतम 02 वर्ष<br>शैक्षिक योग्यता– विधि स्नातक, उ0 प्र0 राज्य काउन्सिल द्वारा रजिस्टर्ड अन्य अर्हतायें व अनुभव हेतु निम्नलिखित संलग्न प्रपत्र देखें। |

**उपरोक्त समस्त पदों के आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों का विवरण–**

1. आयु प्रमाण पत्र (हाईस्कूल प्रमाण पत्र/अंकपत्र)।
2. शैक्षिक योग्यता के प्रमाणित प्रतिलिपियां।
3. पासपोर्ट आकार के 03 फोटो।
4. अनुभव प्रमाण पत्र।
5. निवास प्रमाण पत्र।

योग्य एवं इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन–पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के कार्यालय में दिनांक 15.09.2022 तक जमा कर सकते है।

निर्धारित प्रारूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ की वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/budaun से अथवा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है।

इस विज्ञप्ति की एक–एक प्रति जिला न्यायालय बदायूँ के नोटिस बोर्ड पर बार एसोसिएशन, बदायूँ के नोटिस बोर्ड पर एवं कलेक्ट्रेट बदायूँ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जावें। नोडल अधिकारी कम्प्यूटर्स (ई–कोर्टस) को विभाग की वेबसाइट में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित की जावे तथा विज्ञप्ति का निःशुल्क प्रकाशन जनपद के प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में भी कराया जाये।

**नोट**

निर्धारित अभ्यर्थियों से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त होने पर योग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा, जिसकी तिथि व स्थान की सूचना सम्बन्धित अभ्यर्थियों को नियमानुसार दी जायेगी।

चयनित अभ्यर्थियों का अनुबन्ध दो वर्ष अथवा उससे कम–अधिक ( उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार) के लिये किया जायेगा।

सेवा के नियमों का पालन न करने व उसका उल्लंघन करने पर, धन सम्बन्धी संलिप्तता पाये जाने पर किसी भी अपराध में अभिशंसित होने पर, राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त होने पर, सेवाओं के प्रतिपादन में असमर्थ होने व आवश्यकतानुसार सेवा करने में असमर्थ होने पर, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अनुपस्थित होने पर, लीगल एड डिफेन्स से सम्बन्धित पूर्व ज्ञान होने पर, अपने पद का स्वयं अथवा किसी अन्य के लिये अनाधिकृत रूप से विशेष लाभ उठाये जाने पर, नैतिक आचार संहिता का अतिक्रमण आदि किये जाने पर बिना किसी सूचना/नोटिस दिये सेवा समाप्त कर दी जायेगी।

09/09/2022

प्रभारी सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
बदायूँ।

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ

लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम हेतु शैक्षिक योग्यताऐं–

| क0 सं0 | पद नाम | रिक्तियों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | आवश्यक आर्हताऐं | मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम | 01 | 1.विधि स्नातक,<br>2.उ0 प्र0 राज्य बार काउन्सिल द्वारा रजिस्टर्ड | 1.आपराधिक विधि की वकालत का कम से कम 10 वर्षो का अनुभव<br>2.उत्कृष्ट कोटि का मौखिक व लिखित वार्तालाप की क्षमतायें<br>3.फौजदारी कानून की उत्कृष्ट जानकारी<br>4.बचाव अधिवक्ता के नैतिक कर्तव्यों की गहरी समझ, दूसरों के साथ प्रभावी और कुशलता से कार्य करने की क्षमता<br>5.सत्र न्यायालय में कम से कम 30 आपराधिक विचारण (जिसमें अपील भी सम्मिलित है) का अनुभव।<br>6.कम्प्यूटर ज्ञान। | 60000/– से 70000/– |
| 2. | डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम | 01 | 1.विधि स्नातक,<br>2.उ0 प्र0 राज्य बार काउन्सिल द्वारा रजिस्टर्ड | 1.आपराधिक विधि की वकालत का कम से कम 10 वर्षो का अनुभव<br>2.उत्कृष्ट कोटि का मौखिक व लिखित वार्तालाप की क्षमतायें<br>3.फौजदारी कानून की उत्कृष्ट जानकारी<br>4.बचाव अधिवक्ता के नैतिक कर्तव्यों की गहरी समझ, दूसरों के साथ प्रभावी और कुशलता से कार्य करने की क्षमता<br>5.सत्र न्यायालय में कम से कम 20 आपराधिक विचारण (जिसमें अपील भी सम्मिलित है) का अनुभव।<br>6.कम्प्यूटर ज्ञान एवं तकनीकी ज्ञान। | 30000/– से 50000/– |
| 3. | सहायक लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम | 02 | 1.विधि स्नातक,<br>2.उ0 प्र0 राज्य बार काउन्सिल द्वारा रजिस्टर्ड | 1.0 से 3 वर्ष तक आपराधिक कानून की वकालत का अनुभव<br>2.अच्छा मौखिक और लिखित संचार कौशल<br>3.प्रतिरक्षा वकील के नैतिक कर्तव्यों की पूरी समझ, दूसरों के साथ प्रभावी और कुशलता से कार्य करने की क्षमता उत्कृष्ट लेखन और अनुसंधान कौशल<br>4. कम्प्यूटर ज्ञान एवं तकनीकी ज्ञान। | 20000/– से 30000/– |

09/09/2022

प्रभारी सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
बदायूँ।

08 SEP 2022

संजय सिंह–I, एच0जे0एस0
सदस्य सचिव

08/09/22

# उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

(विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अन्तर्गत गठित)

सेवा में,

अध्यक्ष/जिला जज,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
आगरा, अलीगढ़, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, बागपत, बलरामपुर, भदोही, बिजनौर, बदायूं, बस्ती, बाराबंकी, चित्रकूट, एटा, फैजाबाद, फतेहपुर, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, हरदोई, जालौन, कन्नौज, कांशीराम नगर, कानपुर देहात, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, रायबरेली, सहारनपुर, श्रावस्ती, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव तथा वाराणसी।

पत्रांक 3324/एसएलसए– 99/2019(ऋ/हैदर) दिनांक : सितम्बर 08 ,2022

विषयः **लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम हेतु चीफ, डिप्टी तथा असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल की नियुक्ति के संबंध में।**

महोदया/महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पूर्व प्रेषित पत्र संख्या 3153/एसएलएसए–99/2019 (हैदर/ऋ), दिनांकित 25.08.2022 एवं 3309 / एसएलएसए–99/2019 (ऋ/हैदर), दिनांकित 07.09.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आपके जनपद में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के कियान्वयन हेतु चीफ, डिप्टी तथा असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के चयन की प्रकिया के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुरोध किया गया था।

उपरोक्त के संबंध में आपके जनपद से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार, चीफ तथा डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद पर नियुक्ति हेतु जो आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं, उनकी संख्या अत्यन्त कम है।

**अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने जनपद में चीफ, डिप्टी तथा असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद पर आवेदन हेतु, अन्तिम तिथि 15.09.2022 निर्धारित करते हुये, पुनः विज्ञापन प्रकाशित करवायें। इसके अतिरिक्त अपने जनपद के बार एसोसियेशन के मध्य लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम की जानकारी का सम्यक परिचालन भी करवायें ताकि प्रत्येक श्रेणी में पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हो सकें एवं उपरोक्त पदों पर उपयुक्त प्रत्याशियों के चयन की प्रकिया नियमानुसार यथाशीघ्र सम्पन्न की जा सके।**

सादर।

भवदीय,

( संजय सिंह–I )
सदस्य सचिव